मैया ओ शेरावाली | By Mukesh Bagda |

मैया ओ शेरावाली , ऊंचे पहाड़ों वाली
विनती सुनो हमारी आए शरण तुम्हारी....2
मैया ओ शेरावाली.....

तेरे पावन चरणों में मां अपना शीश झुकाए
तेरी महिमा गा गाकर मा तुमको आज मनाए
कब तेरा मां दर्शन पाए सोया भाग्य जगाए
भर दो मांझोली खाली, ऊंचे पहाड़ा वाली
विनती सुनो हमारी आए शरण तुम्हारी....2
मैया ओ शेरावाली.....

कब से तेरी चौखट पर मां आस लगाए खड़े हैं
तेरे दर्शन करने को मां शरण तुम्हारी पड़े हैं
अब तो आओ दरस दिखाओ अब ना देर लगाओ
जयकारा तेरा गाए, मैया तुम्हे बुलाए
विनती सुनो हमारी आए शरण तुम्हारी....2
मैया ओ शेरावाली.....

मां बेटे का रिश्ता ऐसा दीपक बाती जैसा
विपदा सारी मिटा दे मैया दुख चाहे हो कैसा
जो भी ध्यावे दर्शन पावे सुख और आनंद पावे
मंदिर तेरा सुहाना नित रोज हमको आना
विनती सुनो हमारी आए शरण तुम्हारी....2
मैया ओ शेरावाली.....

चम चम करती चुनर तेरी रंग रंगीली लाए
कंगन चूड़ी पहना कर मां कुमकुम मेहंदी लगाएं
मीठा मीठा भोग लगाएं तुमको खूब मनाए
अंगना सजाएं मैया तुमको बुलाएं मैया
विनती सुनो हमारी आए शरण तुम्हारी....2
मैया ओ शेरावाली.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%93-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-mukesh-bagda/